Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-04-2022 | अंक 192
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बरही के दो होनहार युवकों ने पाई एसएससी में सफलता, बधाइयों का तांता


## सफल अभ्यर्थियों ने अपने माता पिता व गुरूजनो को दिया सफलता का श्रेय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही के दो होनहार युवकों ने अपनी पहली प्रयास में एसएससी में सफलता अर्जित की है। बरही पटना रोड निवासी शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद आर्य के पुत्र रवि प्रकाश आर्य एवं धनबाद रोड निवासी व्यवसायी दिनेश केशरी के पुत्र निखिल कुमार ने स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। रवि प्रकाश आर्य एवं निखिल कुमार की प्राथ. मिक एवं उच्च शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल बरही से हुई है। रवि प्रकाश आर्य ने बीटेक एचआईटी


रवि प्रकाश आर्य



राजेंद्र प्रसाद आर्य( पिता)


निखिल कुमार

कोलकता से 2019 में की है। 2019 से ही रवि टीसीएस में कार्यरत हैं।वर्तमान में एसएससी से सफलता प्राप्त करने पर इनकीं पोस्टिंग असिस्टेंट अ०डिट अ०फिसर के पद पर हुई है। वही निखिल कुमार ने बीआईटी मेसरा से बीटेक किया है। वर्तमान में पहली प्रयास में इन्होंने एसएससी में सफलता प्राप्त की है। इनकीं पोस्टिंग जीएसटी अ०फिसर के रूप में हुई है। इन दोनों की सफलता पर बरही के शिक्षाविद, प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालो में अरुण कुमार, अयोध्या कुमार, मथुरा प्रसाद, संजय सिंह, सुधीर चौधरी, कुमारी निर्मला, संजय दुबे, उषा रानी, मि. थलेश कुमार, शशिभूषण,विष्णुधारी राम, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, भगवान केशरी, पप्पू केशरी, ड० अनिल कुमार, कृ ष्णा प्रजापति, मुकेश मधेसिया, संतोष कुमार, अमित केशरी , डीएवी प्राचार्य अशोक कुमार सिंह,पूर्व प्राचार्य सुरेश सिंह, नरसिंह शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार शामिल है। रवि एवं निखिल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

# संपादकीय

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रूपेश पांडेय के परिजनों को दिया पांच लाख का मुआवजा, वहीं मां को मिला नियुक्ति पत्र



**डॉ अनिल कुमार**

जैसे ही यह खबर आयी सभी राजनीतिक दलों में इसका श्रेय लेनी की होड़ लग गई । जब से यह घटना बरही में घटी है तब से तनाव का माहौल बना हुआ था और जम कर राजनीति भी हो रही थी, लेकिन इस घटनाक्रम का पटाक्षेप सुखद रहा । पीड़ित परिवार के जख्मो पर मरहम लगाने का काम मुख्यमंत्री ने किया है जो सराहनीय है, आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी भी मिली है। अभियुक्त सलाखों के पीछे है और बरही में शांति व्यवस्था कायम है जो पुलिस प्रसाशन के लिए राहत की बात है। बरही के व्यपारिक जगत के गैर राजनीतिक युवा नेता और समाज से सरोकार रखने वाले चुनिंदा पत्रकारों ने जिस संजीदगी से अपने भूमिका इस अप्रिय मामले को शांत करने में निभाई है वो काबिले तारीफ है।

## आग में झुलसी महिला गंभीर रूप से घायल



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना निवासी शुभ लाल भुइयां की पत्नी आग के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर उनके परिजनों ने पीड़ित महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

APEM LIVE




# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में रामनवमी को लेकर डॉक्टरों का रोस्टर किया गया जारी, लगाई गई ड्यूटी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आगामी पर्व रामनवमी को देखते हुए बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ड०क्टरों का रोस्टर जारी किया गया है। जारी रोस्टर के अनुसार शनिवार सुबह में मनितोष कुमार, शाम में डॉ० भैरव शंकर अग्रवाल, रात में डॉ० ए के रंजन, रविवार को सुबह में डॉ० एजाज हुसैन एवं डॉ० भैरव शंकर अग्रवाल, शाम में डॉ० प्रकाश ज्ञानी एवं ड० मणितोष कुमार और रात में डॉ० भैरव शंकर अग्रवाल और डॉ० अर्जुन सोरेन अपनी सेवाएं देंगे। वही सोमवार सुबह डॉ० एजाज हुसैन और डॉ० मनितोश कुमार, शाम में डॉ० प्रकाश ज्ञानी और अमन प्रसाद और रात में डॉ० अर्जुन सोरेन की डयूटी रहेगी । वहीं मंगलवार को डॉ० एजाज हुसैन और डॉ० भैरव शंकर अग्रवाल, शाम में डॉ० प्रकाश ज्ञानी और डॉ० मणितोष कुमार एवं रात में डॉ० भैरव शंकर अग्रवाल एवं डॉ० अर्जुन सोरेन सेवाएं देंगे। वहीं




बुधवार को सुबह में डॉ० एजाज हुसैन और डॉ० भैरव शंकर अग्रवाल, शाम में डॉ० प्रकाश ज्ञानी और डॉ० मणितोष कुमार एवं रात में ड० भैरव शंकर अग. वाल और डॉ० अर्जुन सोरेन की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं बरही चौक पर ड०क्टर के रूप में डॉ० अमन प्रसाद, डॉ० संतोष प्रसाद दास एवं एम पी डब्लू के रूप में मृत्यंजय चौरसिया एवं नीरज टोप्पो और ड्रेसर के लिए कुलदीप कुमार का चयन किया गया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रजापिता ब्रमहाकुमारीईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाई गई रामनवमी पूजा, किया मेडिटेशन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रामनवमी पूजा मनाते श्रद्धलु

प्रजापिता ब्रमहाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रामनवमी पर्व मेडिटेशन कर के मनाया गया। सेन्टर की संचालिका ब्रमहाकुमारी रीना बहन ने सभी ब्रह्मा वत्सों को और शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके सृंगार के बाबत बताया की मां शिवशक्ति की शक्ति हम सभी बच्चों की शक्ति है। रत्नजड़ित ताज ज्ञान धन से भरपूर होने की निशानी है। चेहरा सन्तुष्टता से भरपूर होना।तलवार , तीक्ष्ण बुद्धि ज्ञान चिन्तन के द्वारा सत मार्ग पर चलाने का प्रतीक है। स्वदर्शन चक्र, स्व आत्मा की पहचान का प्रतीक है। गदा , आसुरी वृत्तियों का संहार करने की निशानी है।आशिर्वाद सदा देते रहने की भावना।शेर पर सवारी निर्भयता अर्थात् परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करने की निशानी है। लाइट का ताज पवित्रता की निशानी है।त्रिशूल सद्गुणों से दुर्गुणों का संहार करने की निशानी है। धनुष बाण ज्ञान का तीर लगाने टीवीकी निशानी है। कमल पुष्प ,न्यारापन अर्थात् संसार में रहते भी संसार से न्यारे रहना। सभी ने मेडिटेशन कर शक्ति प्राप्त की

## घर में आग लगने से हजारों का समान जलकर राख

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हज़ारीबाग़ रोड निवासी विजय रविदास पिता दुर्गी घर मे अचानक आग लग गई। आग लगने से एक पलंग एवम कुछ प्लाईबोर्ड जलकर राख हो गया। परिजनों ने 50 हज़ार का नुकसान बताया है। जानकारी के मुताबिक घर में चूल्हा पर खाना बनाया जा रहा था। आशंका जाहिर किया जा रहा है कि हवा से आग का कुछ अंश ज्वलनशील समान के पास चला गया होगा। जिससे आग लग गई। हालांकि आस पास के लोगों ने तुरंत आग बुझाने में लग गए। तत्काल अग्निशमन वहान को बुलाया गया। जिसके वजह से आग पर काबू पाया गया। जिसके कारण आस पास आग लगने की खतरा टल गया। जिससे एक बड़ी घटना घटने से बच गई। हालांकि घटना के कोई ठोस कारण परिजन नही बता पाए।

## चलकुशा शांति समिति की बैठक में सम्मानित हुई, सविता सिंह

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विकम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पूजा पर सरकार द्वारा समय सीमा बढ़ाने को लेकर शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर की अध्यक्षता में व संचालन थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव मुखिया संघ अध्यक्ष भुनेश्वर दास ,सुभाष ठाकुर शामिल थे। अंचल अधिकारी ने कहा कि सरकार ने रामनवमी पूजा जुलूस का समय सीमा शाम 6:00 बजे तक था उसे बढ़ाकर रात 10रू00 बजे तक कर दिया है। और पूर्व की तरह ही सारे नियम जैसे डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगा। बैठक में ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह को प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी सांसद प्रति. निधि प्रमुख प्रतिनिधि थाना प्रभारी ने डायरी और कलम देकर सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सविता सिंह इस प्रखंड में एकमात्र ऐसी महिला है जो चाहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एवं शांति कमेटी की बैठक हो या महिलाओं की समस्या उठान की बात हो चाहे प्रखंड की विकास की बात हो हर कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली महिला है। इस मौके पर बसंत पांडे मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, लखन साव, इंद्रदेव सिंह पूर्व मुखिया धर्मेंद्र रजक, इजराइल अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

## पुराने कुपोषण उपचार केंद्र का चौखठ, दरवाजा खिड़की व अस्पताल वाहन जीप गायब, अस्पताल प्रशासन बेखबर

### चोरी की जानकारी होने के बाद भी नही कराई गई प्रथमिकी, बीपीएम ने कहा मुझे नही है पता कैसे गायब हुआ समान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चोरी किया गया चौखठ, दरवाजा एवं ग्रिल

वर्ष 2014 के पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तौर पर अस्पताल का संचालन पुराने भवन में किया जा रहा था। इसमे एक कुपोषण उपचार केंद्र भी था। जिसका उपयोग शारीरिक अक्षम बच्चों के इलाज के लिए किया जाता था। लेकिन 2014 के बाद नए भवन का अनुमंडलीय अस्पताल के रूप में झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा के प्रयास से शिफ्ट कराया गया था। उसके बाद इस भवन की उपयोगिता खत्म हो गई। व्यवस्था देखने का काम बीपीएम का होता है। लेकिन उनके द्वारा इस मामले में कोई ध्यान नही दिया गया। जिसके कारण कुपोषण उपचार केंद्र में लगा चौखठ, दरवाजा, ग्रिल सब लोग उखड़कर ले गए। पूरा अस्पताल प्रशासन को पता है कि उक्त भवन से सामान चोरी कर ली जा रही है। इसके बाद भी इस मामले में न तो थाना को सूचना दी गई और न ही वरीय पदाधिक. ारियों को सूचित किया गया। लोग आशंका जाहिर कर रहे है कि कही अस्पताल प्रशासन के मिलीभगत से ही तो समान गयाब नही कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी परिसर में एक एक जीप भी था। उसे भी गायब करा दिया गया। सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इतने सारे उपयोगी समान कहाँ चला गया। अगर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है तो चोरी की प्रथमिकी क्यों नही दर्ज कराई गई। कुल मिलाकर अस्पताल प्रशासन संदेह के घेरे में है। अस्पताल की व्यवस्था देखने की जिम्मेवारी विधायक ने अपने प्रतिनिधि के तौर पर मो रुस्तम को दी थी, लेकिन उनके द्वारा भी इस ओर ध्यान नही दिया गया। इस बाबत पूछे जाने पर बीपीएम नारायण राम ने बताया कि अस्पताल से जीप एवं अन्य सामान कहाँ गया है। इसकी जानक. ारी मुझे नही है। मेरा काम केवल प्रोगाम देखना होता है। इसके बारे में डीएस की बता सकते हैं कि जीप एवं अन्य सामान कहाँ गया। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मेरे कार्यकाल के पहले ही उक्त समान गायब हुआ। पूर्व के डीएस कार्रवाई किए होंगे। मामला अभी सामने आया है। इसकी जांच कराते है। विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोगों के द्वारा अस्पताल भवन को अतिक्रमित किया जा रहा है। अतिक्रमित भवन मुक्त कराने के लिए सीओ से आग्रह किया गया है।

## रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर के नेतृत्व में बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही एन एच आइबी में संध्या 5:00 बजे रामनवमी महासमिति बरही की अवश्यक बैठक महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर के नेतृत्व में बुलाई गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने निर्णय लिया की पारंपरिक रामनवमी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष भी नवमी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी जिला प्रशासन का दशहरा भूमि समिति और जिला प्रशासन का बरही गोलबर चौक पर एक मंच रहेगा जहां स्थानीय प्रशासन एवं रामनवमी महासमिति समिति के सभी सदस्य समिति के लोग शांति समिति के लोग एवं मेडिकल कैंप की व्यवस्था होगी। साथ ही लोगो को पानी पीने का भी व्यवस्था किया जाएगा। साथ ही पत्रकार बंधु का स्थान सुनिश्चित रहेगा जहां सभी का कर्तव्य बनता है कि सभी साथियों को सभी अखाड़ा को झांकियों को बढ़िया तरीके से सम्मान के साथ उनको आगे बढ़ाएंगे साथ ही साथ सभी अखाड़ा के अध्यक्षों को सम्मानित करेंगे। उक्त कार्यक्रम में महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, महासचिव अमित साहू, महामंत्री राजेंद्र मद्धेशिया, उपाध्यक्ष बद्री यादव, उपाध्यक्ष कुणाल कतरियार, राजकुमार केसरी, उपाध्यक्ष सिकंदर राणा, कोषाध्यक्ष बलराम केसरी, सचिन यादव, दीपक कुमार, मेवालाल केसरी, उक्त कार्यक्रम में जिला प्रत्याशी बद्री यादव ने महा समिति के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES




- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum






इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL

CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL PURHARA

Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum

CLASS : Nusery to VIIIth.

For Children's bright future.

(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)

नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निः शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डलवा दीजयेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है।

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)

Mob. 9973278122, 9199197021

वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,

संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली

की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चलकुशा मसानी में बजरंगबली के मूर्ति के ऊपर झूलता हुआ ग्यारह हजार बिजली तार को हटाया गया

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत चलकुशा पंचायत के मसानी में बजरंगबली के मूर्ति के ऊपर से ग्यारह हजार बिजली का तार झूल गया था जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी व अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर एवं थाना प्रभारी धनंजय सिंह के पहल पर बिजली विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बिजली मिस्त्री नईम अंसारी के कड़ी मेहनत से 11 हजार तार को हटा दिया गया है।जिससे ग्रामीणों एवं रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष वासो महतो हरि यादव, प्रमोद यादव, खू. बलाल यादव, संजय यादव, भुनेश्वर यादव एवं पूरे मसानी के ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया है।

## हजारीबाग के आर्टिस्ट टिंकू को मिला गोल्ड मेडल का अवॉर्ड

**अपेम लाइवः हजारीबाग**




6जी ग्लोबल ऑनलाइन आर्ट प्रदर्शनी और कॉम्पिटिशन कलाकूंज फॉन्डेशन राजस्थान ने ये प्रतियोगिता का आयोजन किया। बता दे की सभी वर्ग के आर्टिस्ट को अंतरराष्ट्रीय वूमेंस डे का विषय दिया गया जिसमें सभी आर्टिस्ट को एक ही थीम पर अपनी कलाकारी दिखानी थी। कला कुंज फाउंडेशन के निर्देशक रजनी शर्मा ने बताया कि देश में से पेंटिंग इतनी भव्य और अद्भुत आया कि जज करना बहुत मुश्किल था। जिसमें हजारीबाग का आ. र्टिस्ट टिंकू को जजेस के द्वारा जज करते हुऐ गोल्ड मेडल का खिताब मिला। बता दे कि इस अवार्ड के बाद आर्टिस्ट टिंकू को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने का मौका मिल सकता हैं। टिंकू और उनके परिजन बहुत खुश है की इस अव०र्ड के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने का मौका मिल सकता है सभी को आशा है कि अगर मौका मिले तो टिंकू वहा पर जाकर अपनी कला से सारे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करे। और अपने राज्य और देश का नाम उच्च स्तर पर करे।




## खुल गया स्कूल, फिर से चलो चले स्कूल मुहिम कि शुरुवात

### बच्चो को भेजे स्कूल, घर घर जाकर अभिभावकों को करे जागरूक : बीडीओ

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कोविड 19 के कारण बच्चो का पढ़ाई लिखाई पिछले दो वर्षो से बाधित था। बच्चे स्कूल से बिल. कुल दूर हो गए थे। बच्चो को पुनः स्कूल लाने के लिए शिक्षा विभाग ने बैक तू स्कूल कैंपेन की शुरुवात किया गया। बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा की अगुवाई में प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों के शिक्षको के बीच बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक में प्रशिक्षक सह पिरामल के जिला कॉर्डिनेटर अविनाश पांडेय ने बताया कि बच्चो को स्कूल पुनः स्कूल लाने के लिए पंचायत स्तरीय टीम बनाकर मुहिम को सफल बनावे। बीडीओ ने कहा कि बच्चो को स्कूल लाने के लिए अभिभावकों को जागरूक करें। शिक्षक घर घर जाकर बच्चो को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। मौके पर ताजपुर मुखिया शौकत खान, बीपीएम मो आरिफ अंसारी, बीआरपी मो सईद अंसारी, बजरंगी कुमार, सीआरपी विश्वनाथ साव, महेंद्र साव, राकेश कुमार, प्रभाकर अम्बुदी, शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र सिंह, मो सोहैब, गौतम कुमार, सूर्यकांत सिंह, प्रमोद सिंह, बिनय रजक, दयानंद राणा, मंजू कुमारी, सरयू राणा, आलोक प्रियदर्शी, मो दिलावर अंसारी, प्रमोद कुमार, तुलसी राणा, रामदेव यादव, टुनटुन रविदास, कैलाश प्रजापति, मो सोएब, रामखेलावन रविदास, दुगेश्वर महतो, छत्रु मुंडा, शकील अहमद, किशोर कुमार, राखी कुमारी,






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## रामनवमी को लेकर बिरनी पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

### रामनवमी और व्हाट्सएप ग्रुप पर रहेगी कड़ी नज़र

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

रामनवमी को देखते हुए ।बिरनी पुलिस ने बिरनी के कई क्षेत्रों में शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च बिरनी थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। मार्च में सब इंस्पेक्टर मुकेश दयाल, नवीन सिंह, सचिन कुमार समेत दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे ।रामनवमी पूजा में शांति और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए बीते बुधवार को बिरनी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया था ।इसे लेकर शुक्रवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व में बिरनी थाना क्षेत्र में रामनवमी पूजा में लगने वाले झंडे का स्थान का निरक्षण किया ।अखाड़ा का नेतृत्व करने वाले लोगो को सतर्क करते हुए शान्ति के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई ।झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने त्यौहार में शांति ओर विधि व्यवस्था में सुदृढ़ किया जा रहा है ।थाना में अतिरिक्त पुलिया बल बुला लिया गया है ।यदि किसी प्रकार का शान्ति व्यवस्था में खलल पड़ता है तो प्रशासन प्रत्येक स्थिति में निपटने के लिए तैयार है।

## चलती बाइक से गिरकर महिला हुई घायल, रेफर

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां थाना क्षेत्र के पटना चौक पर शनिवार को एक महिला चलती बाइक से गिर गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के सम्बंध में बताया गया कि मुद्रिका देवी पति लक्ष्मण यादव अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठ कर बिरने से भीखी गांव जा रही थी तभी अचानक पटना चौक के पास महिला बाइक से गिर गयी। घटना के बाद आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले जाया गया जहां डॉ काज़िम खान ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया। बताया गया कि महिला के सर और मुंह पर गंभीर चोट लगी है।

## सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनु ने चार योजनाओं का किया शिलान्यास

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आज दिनांक 9 अप्रैल 2022 को लघु सिंचाई विभाग द्वारा प्रदत निम्नलिखित 4 बड़े तालाबों का जीर्णोद्धार हेतु शिलान्यास गिरिडीह के माननीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के कर कमलों द्वारा किया गया ।
1. ग्राम चुंगलो, तालाब जीर्णोद्धार लागत 1 करोड़ 5 लाख रुपये
2. ग्राम बरदेही, तालाब जीर्णोद्धार लागत 61 लाख रुपये3. ग्राम जमुआ, तालाब जीर्णोद्धार लागत 45 लाख4. ग्राम खुखरा, तालाब जीर्णोद्धार लागत 78 लाख इन तालाबों के बनने से गिरिडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तथा पीरटांड प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सैकड़ों एकड़ जमीन सिंचित होंगी । सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कृषि ही जीविका का एकमात्र उपाय है । माननीय विधायक ने इन तालाबों का जीर्णोद्धार करके कृषि को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है । मौके पर जिलाध्यक्ष श्री संजय सिंह के अलावा, लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री चंद्रशेखर कुमार, कनीय अभियंता कमलेश पासवान, राजीव जी आदि समेत झामुमो से प्रधान मुर्मू, गोपाल शर्मा, जीतन सोरेन, राजू तुरी, दिलीप रजक, प्रदोष कुमार, संजय महतो, बाबूराम हेम्ब्रम, अम्बिका राय, युवराज महतो, हीरा महतो, दिलीप मुर्मू, शोभा यादव, योगेंद्र सिंह, अनिल राय, सतीश चंद्रवंशी, ताज हसन, मिन्नत, महावीर मुर्मू, राकेश सिंह टुन्ना, बिरजू के साथ साथ स्थानीय झामुमो कार्यकर्तागण एवं ग्रामीण मौजूद थे ।

## एक सप्ताह तक चलेगा आई कोणिक सप्ताह

### डोर टू डोर होगा समीक्षा,पंचायत सेवको के साथ सभी विभागों को दिया गया निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में शनिवार को आगामी 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक चलने वाले आई कोणिक सप्ताह की समीक्षा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी डी ओ हुलास महतो ने किया ।बैठक में सभी दस पंचायतों के पंचायत सेवक,मुखिया, स्वास्थय कर्मी,जे एस एल पी एस सहित सभी विभागों के कर्मी मौजूद थे ।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि आई कोणिक सप्ताह के तहत एक सप्ताह यानी 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक यह कार्यक्रम चलेगा ।जिसमे सभी कर्मी सभी पंचायतों में जाकर समीक्षा करेंगे।

## मनरेगा योजना में मानव दिवस की उड़ाई जा रही धज्जियां, मशीन से हो रहा काम

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




गिरिडीह जिला के सदर प्रखंड स्थित खावा पंचायत के गिरधरचक गांव में मनरेगा योजना के तहत पीपल पेड़ से लेकर स्मशान घाट तक मिट्टी मोरम रोड की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के शिलापट में मेठ का नाम मालवा देवी है और प्रकल्लित राशि चार लाख अठ्ठासी हजार सात सौ नौ रुपए है। मानव कार्य दिवस तेरह सौ चार है। रोड ऐसी जगह बनाई गई है जहां शायद ही उपयोग में आ सके। बहती नदी को तहस नहस कर रख दिया गया है जिससे अगल बगल के किसानो को सिंचाई में भारी असुविधा उठानी पड़ेगी। मानव दिवस केवल योजना के शिलापट्ट में सीमित है, अपेम लाइव के स्थानीय संवाददाता ने जब स्थल मुआवना करने पहुंचा ग्रामीणों की सुचना पर तो देखा की दूर दूर तक कोई मजदूर द्वारा मिट्टी काटने का निशान नज़र नहीं आया। कुछ लोग नाम सामने नही लाने की शर्त पर बताया कि बगल में एक तालाब निर्माण किया जा रहा था उसिक मिट्टी ट्रेक्टर से लाकर रोड बनाया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मोरम भी ट्रेक्टर से ही लाकर रोड में डाला जा रहा है। मनरेगा मजदूरों के साथ धोखा किया जा रहा है मशीन का उपयोग करके ।इस विषय पर जब खावा पंचायत के रोजगार सेवक और पंचायत सचिव से जानकारी मांगी गई तो उन दोनो ने कहा कि देखते हैं। जिससे स्पष्ट होता है कि इसमें उन दोनो की भागीदारी बराबर की है। विभाग इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करे ताकि वहां के मजदूरों का कोई हक ना छीन सके।

## शस्त्र पूजन को लेकर विष्णुगढ़ से बनासो तक लगा रामभक्तों का रेला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में रामनवमी महासमिति के जुलूस में शामिल रामभक्तों का जत्था

रामनवमी महापर्व से पूर्व महाअष्टमी को प्रखंड के बनासो स्थित मां महामाया बागेश्वरी मंदिर में परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों के पूजन की परंपरा रही है। हजारों की संख्या में रामभक्त विष्णुगढ़ से बनासो पहुंचकर मां बागेश्वरी के दरबार में अस्त्र-शस्त्रों की विधि विधान से पूजा करते हैं। इसे लेकर शनिवार को विष्णुगढ़ रामनवमी महासमिति के द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें विभिन्न अखाड़ों एवं रामनवमी समिति के बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। रमुवां स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर से निकाले गए जुलूस में रामभक्त जयकारा लगाते हुए पैदल हॉस्पीटल चौक, अखाड़ा चौक होते हुए करोंज मोड़ पैदल पहुंचे। इसके बाद सैकड़ों बाइक पर सवार होकर रामभक्तों का जत्था बनासो मंदिर पहुंचा। यह कारवां लगभग छह किमी का रहा। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। बागेश्वरी मंदिर में मंदिर प्रबंधन द्वारा रामभक्त श्रद्धालुओं के लिए फलाहार एवं शीतल पेय की बेहतर व्यवस्था की गई थी। दो सालों तक कोरोना त्रासदी के बाद जुलूस के दौरान रामभक्तों में दोगुना उत्साह एवं नयापन दिखा। इस बार बड़ी संख्या में इसमें मातृशक्ति भी शामिल हुई। जुलूस में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीपीओ अनुज उरांव, थाना प्रभारी जगलाल मुंडा, बीडीओ संजय कुमार कोंगाडी, सीओ रामबालक कुमार, एसआई भगीरथ पासवान समेत कई पुलिस अधिकारी और सुरक्षा बलों के जवान जगह-जगह मुस्तैद रहे। दोपहर बाद कार्यक्रम के शांतिपूर्ण समापन के पश्चात प्रशासनिक अमले ने चौन की सांस ली।

## बी डी ओ ने बिरहोरों के बीच किया खाना बनाने वाले बर्तन का वितरण

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




कन्हाचट्टी प्रखंड के बक्चुम्बा पंचायत के बिरेखाप गांव में शनिवार को रामनवमी के 1 दिन पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने शिविर लगाकर बिरहोर परिवारों के बीच खाना बनाने के लिए आवश्यक सामग्री एवं बर्तन का वितरण किया। शनिवार की सुबह बिरहोरों के लिए एक नई सुबह थी। बर्तन मिलने के बाद बिरहोर परिवार काफी खुश नजर आने लगे। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने बताया कि बिरहोर परिवार झारखंड के सबसे आदिम जनजातियों में से एक हैं। इन्हें आगे बढ़ने के लिए सरकार तरह-तरह की योजनाएं चला रही हैं । इसी कड़ी में आज रामनवमी के 1 दिन पूर्व इन परिवारों को खाना बनाने के लिए बर्तन का वितरण किया गया। बर्तन का वितरण करने से इन्हें खाना बनाने में आसानी होगा। वही श्री महतो ने कहा कि जल्द ही आवास वीहिन बिरहोरों को आवास दिया जाएगा मौके पर पंचायत सेवक भी मौजूद थे

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने जारी किया संयुक्त आदेश

## रामनवमी 2022 के अवसर पर जिला स्तर एवं अनुमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जो दिनांक 09.04.2022 के अपराह्न से 12.04.2022 के अपराहन तक कार्यरत रहेगा... एसपी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




आमजनों से अपील है कि राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उचित अनुपालन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाएं...उपयुक्त गिरिडीह गिरिडीह, 09 अप्रैल 2022ः- रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह के द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार रामनवमी पर्व दिनांक 10 अप्रैल , 2022 एवं दिनांक 11.04.2022 को चौती नवरात्र त्योहार मनाया जाना है। रामनवमी पर्व के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अखाड़ा/जुलूस/मेला/मंच आदि का आयोजन किया जायेगा एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु जुलूस/अखाड़ा/मेला/मंच जैसे गति. विधियों पर कठोर निगरानी रखने की आवश्यकता है।रामनवमी का जुलूस में 100 व्यक्तियों के साथ निकालने एवं मिलन समारोह स्थल पर 1000 व्यक्तियों की अनुमति दी गई है। रामनवमी पर्व एवं चौती नवरात्र पर्व शांतिपूर्वक एवं सदभाव पूर्ण से सभी के सहयोग से मनाने का निर्णय लिया गया है। रामनवमी पर्व -2022 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी प्रतिनियुक्ति दंडा. धिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निम्नांकित दिशा-निर्देश दिए गए हैंः- 1. रामनवमी पर्व के संबंध में निम्नांकित विन्दुओं पर ससमय कार्रवाई सुनिश्चित करना।रामनवमी पर्व के अवसर पर पूर्व के संवेदनशील स्थानों पर पैनी नजर रखना। पूर्व में रामनवमी के अवसर पर हुए विवाद/घटना स्थलों पर संवेदनषील रहना।2. पूजा स्थल/धार्मिक स्थल के विवादास्पद स्थल पर चौकसी बरतना। क्षेत्रों में भड़काउ एवं उन्माद फैलाने वाले व्हाट्सप एडमिन को चिन्हित करना। यदि कोई फेसबुक पर आ. पत्तिजनक पोस्ट करता हो तो उसका ब्योरा संधारित। थानावार असामाजिक तत्वों की सूची मोबाइल नम्बर सहित सूची दो भाग में ( अति सकिय / सकिया ) संधारित करना 3. पशु तस्करों की सूची नाम , पता , मोबाइल नम्बर सहित संधारित करना। अवैध वधशाला की सूची संच. ालकों के नाम , पता , मोबाइल नम्बर के साथ तैयार रखना। अवैध शराब कारोबारियों की सूची नाम , पता , मोबाइल नम्बर संधारित करना। वैसे व्यक्तियों की सूची जो शराब पीकर मारपीट या विधि - व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करते हैं , उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करना। 4. वैसे लोगों की सूची तैयार करना , जिनके कारण विवाद उत्पन्न हुआ हो या होने की सम्भावना है। प्रखण्ड / अनुमण्डल/जिला स्तर पर गठित नियंत्रण कक्ष को विधि - व्यवस्था संबंधित सूचनाओं को उपलब्धकराना। 5. प्रत्येक पूजा जुलूस / अखाड़ा / धार्मिक स्थल का ब्योरा एकत्रित करना जुलूस / अखाड़ा के प्रमुख 2-3 सदस्यों का नाम एवं मोबाइल नम्बर संधारित करना। प्रत्येक जुलूस / अखाड़ा आयोजकों के द्वारा 10-10 व०लंटियर विवरणी के साथ तैयार करना। पूर्व में जुलूस / अखाड़ा से संबंधित कोई घटना यदि हुई हो तो उसका संक्षिप्त विवरणी।6. सभी जुलूस / अखाड़ा स्थल की सूची। यातायात की समस्या / पार्किंग की व्यवस्था। जुलूस/अखाड़ा से संबंधित कोई विवादित स्थल। छेड़खानी छिनतई के सम्भावित क्षेत्र / स्थान पर नजर रखना। जुलूस/अखाड़ा से संबंधित आपातकालीन व्यवस्था फायर फाइटिंग , इमरजेंसी लाईट ( जेनरेटर ) , पब्लिक एडरेसिंग सिस्टम की व्यवस्था , महिलाओं बच्चों के लिए प्रवेश एवं निकासी द्वार की व्यवस्था। सभी संवेदनशील , अतिसंवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां विशेष आसूचना संकलन एवं निगरानी की व्यवस्था किया जाना। सभी जुलूस/अखाड़ा में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरतने हेतु पूजा समितियों को तथा नागरिकों को आपदा प्रबंधन अधिनियमों का अक्षरश रु अनुपालन हेतु जागरूक किया जाना नियमों का उल्लंघन करने वालो पर सख्त कार्रवाई करना। सोशल मीडिया एंड वाट्सअप ग्रुप, फेसबुक, ट्विटर अकाउंट, इंस्टाग्राम आदि पर पैनी नजर रखना। जुलूस/अखाड़ा/पूजा के दैरान पूजा स्थल/धार्मिक स्थल में अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन की जाँच करना। जुलूस/अखाड़ा स्थलों पर सीसीटीवी को पूर्ण रूप से अधिष्ठापन करना। डी.जे. साउण्ड आदि प्रतिबंधित रखना/मालिकों से घोषणा पत्र भरवाना। ऐसे व्यक्तियों जो पूर्व में दंगा एवं साम्प्रदायिक काण्डों में संलिप्त / आरोपित रहे हों या किसी व्यक्ति विशेष के बारे में यह जानकारी हो कि वह व्यक्ति साम्प्रदायिक दंगा या अफवाह फैलाते हो तो ऐ व्यक्तियों की सूची साथ रखें एवं वांछित विधिमान्य कार्रवाई करें। विभिन्न संगठनों के वैसे प्रमुख गणमान्य व्यक्ति जो निष्पक्ष , ईमादार एवं स्वच्छ चरित्र के हो , जिन्हें संबंधित समाज के लोग आदर व सम्मान देते हो तथा उनके विचारों को अनुशास. निक तौर पर मानते हो का दूरभाष नम्बर अपने पास रखें एवं उनके सम्पर्क में रहे। जिला में कार्यरत/कियाशील एन.जी.ओ. जो विशेष कर धार्मिक गतिविधियों से सं. बंध रखता हो , उसकी सूची नाम / पता एवं दूरभाष संख्या सहित उपल. ब्ध रहनी चाहिए। जिला प्रशासन सोशल मीडिया ग्रुप पर भी निगरानी रखेंगे। वाट्सअप , फेसबुक , ट्विटर आदि के माध्यम से प्रचारित/प्रसारित होने वाले विवादित तस्वीरों एवं संवादों पर निगरानी रखने की आवश्यकता। पशु तस्करी, अवैध बूचडखाना पर रोक लगाई जाय। अवैध शराब एवं जुआ अड्डो के विरूद्ध आवश्यक विधिपूर्वक कार्रवाई की आवश्यकता है। वैसे स्थान विशेष पर सतत निगरानी की आवश्यकता है , जहाँ पर आये दिन छेड़खानी होती हो या होने की संभावना हो। शहरी क्षेत्रों में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से दूरभाष पर सम्पर्क में रहे। व्यवसायियों के प्रतिनिधि के तौर पर वे कार्यरत रहते है और स्थानीय सामाजिक व्यवस्था पर उनकी निगरानी बनी रहती है। सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिये गए कि छोटी-छोटी घटनाओं/समस्याओं का भी समाधान अविलम्ब विवेकपूर्ण ढंग से करें। ला. उडस्पीकर/डी.जे पर बजाये जाने वाले उतेजक/भड़काउ/अश्लील गाने, भाषण एवं नारे को सख्ती से रोका जाय। लाउडस्पीकर से प्रसारित ध्वनि की तीव्रता एवं तारत्त्व ( इंटेंसिटी एंड पिच ) को निर्धारित की जाय विशेषतः रात्रि में लाउडस्पीकर के दुरूपयोग को रोका जाय। संकलित संवेदनशील स्थानों की सूची , उन्मादी / अतिम. हत्वाकांक्षी साम्प्रदायिक तत्वों एवं अन्य बिन्दुओं पर दिये गये निर्देशों के आलोक में कियाशील होने एवं निगरानी रखने की आवश्यकता है। अति संवेदशील स्थानों पर सी.सी.टी. वी./ड्रोन कैमरा द्वारा निगरानी रखा जाय। सार्वजनिक स्थलों पर व्यक्तियों के द्वारा 06 फीट की दूरी का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। मूर्ति विसर्जन के दौरान जुलूस का आयोजन के समय जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित स्थल में मूर्ति का विसर्जन करना होगा। आयोजक एवं पूजा में सम्मिलित होनेवाले व्यक्तियों को अधोहस्ताक्षरी एवं स्थानीय प्रशासन के दिशा निदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी अनुमंडल पदाधिकारी , अनुमंडल पुलिस पदा. धिकारी , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी , अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन अपने प्रशासनिक क्षेत्र में करायेंगे। वैसे सभी व्यक्तियों जिनके द्वारा उक्त आदेशों का पालन नहीं किया जाता हैं उनके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 एवं प्च्ब की धारा 188 एवं अन्य संगत कानूनी प्रावधानों के आलोक में कार्रवाई की जायेगी। यह आवश्यक है कि छोटी-छोटी घटनाओं को प्रथम स्तर पर ही रोका जाय। उक्त क्षेत्र में शांति व्यवस्था / विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु निम्नलिखित निदेश दिये गएः 1. सभी अनुमण्डल पदाधिकारी , गिरिडीह जिला अपने-अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे। 2. सभी थाना प्रभारी अपने-अपने स्तर से सभी संवेदनशील स्थानों पर चौकीदार/पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे। 3. रामनवमी 2022 के अवसर पर जिला स्तर एवं अनुमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जो दिनांक 09.04.2022 के अपराह्न से 12. 04.2022 के अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष एवं अनुमण्डलीय नियंत्रण कक्ष का स्थान एवं दूरभाष संख्या निम्न प्रकार क्र. स. जिला / अनुमण्डल स्थान दूरभाष संख्यारू- जिला नियंत्रण कक्ष नियंत्रण कक्ष 06532-228829, खोरीमहुआ अनुमण्डल पुलिस पदा. धिकारी कार्यालय 7766081647, डुमरी अनुमण्डल कार्यालय 9431313378, बगोदर-सरिया प्रखण्ड कार्यालय, सरिया 9473435905 है। जिला नियंत्रण कक्ष में दण्डाधिकारियों की समय सारणी अनुमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह द्वारा अलग से निर्गत की जायेगी। जिला नियंत्रण कक्ष में श्री आलोक कुमार , निदेशक , लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन , डी.आर. डी.ए. गिरिडीह ( मो 0 9939183116 ) तथा पुलिस पदा. धिकारी श्री संजय कुमार राणा पुलिस उपाधीक्षक ( मु 0 ) . प्रथम , गिरिडीह ( मो 0 9431706328 ) रहेंगे। 4. जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय दण्डाधिकारी द्वारा सभी अनुमण्डलीय नियंत्रण कक्ष से खैरियत प्रतिवेदन प्राप्त कर जिला का समेकित खैरियत प्रतिवेदन उपायुक्त , गिरिडीह एवं पुलिस अधीक्षक , गिरिडीह को प्रतिदिन दो-दो घंटे पर उपलब्ध कराया जायेगा। 5. पुलिस उपाधीक्षक ( मुख्यालय ) प्रथम , गिरिडीह नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को अवश्यकतानुसार अपेक्षित स्थान पर अपने स्तर से प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

# बनपुरा में रामनवमी की तैयारी जोरों से चल रही है

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय पश्चिम दिशा से मात्र एक किलोमीटर दूरी पर स्थित बनपुरा गाँव है पूरे प्रखंड में इस गाँव को एक अलग रूप में जाना जाता है तथा इसकी एक अलग विशेषता है क्योंकि इस गाँव मे 100 प्रतिशत साक्षर लोग हैं साथ ही गाँव से किनारे एक नदी है जिसे बरहेट नदी के नाम से जाना जाता है साथ ही गाँव के चारों तरफ खाली मैदान भी है वही ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ हर त्योहार बड़े ही धूमधाम से ग्रामीणों द्वारा मनाया जाता है साथ ही प्रत्येक वर्ष रामनवमी पूजा के अवसर पर अनेकों झाँकी निकाली जाती है तथा इस बार की झाँकी एक अलग तथा भव्य रूप से निकालने की तैयारी की जा रही है इस गाँव मे सन 1972 से रामनवमी पूजा की जा रही है और तब से लेकर आज तक गाँव के कलाकारों द्वारा ही झांकी की तैयारी की जाती है वहीं गाँव के कलाकार सदानन्द वर्मा ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व हमलोग पूजा और झांकी की तैयारी 8 दिन पूर्व करते हैं साथ ही कलाकार साकेत,मनु ने कहा इस वर्ष झांकी की तैयारी में 20 दिन पूर्व से ही लगे हैं और आज शाम तक पूर्ण हो जाएगा इस झांकी में ट्रैक्टर की ट्रोली पर पहाड़,भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी की कुटिया बनाई गई है जिसमे लक्ष्मण, माता सीता तथा वीर हनुमान जी विराजमान होंगे जिसमें जुट के बोरे,पुट्टी, पुवाल,कार्टून आदि का प्रयोग किया गया है तथा अन्य चित्र बनाये गए हैं ।

# विष्णुगढ़ के जानेमाने चिकित्सक डॉ एसएन लाल का हृदयाघात से निधन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



दिवंगत डॉ एसएन लाल की फाइल फोटो

विष्णुगढ़ क्षेत्र के जाने माने प्रख्यात चिकित्सक सह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सेवानिवृत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० एसएन लाल का निधन हृदयगति रूकने से शुक्रवार देर शाम में हो गया। वे करीब 70 वर्ष के थे। विष्णुगढ़ साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्होंने लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी थी। बताया जाता है कि सीने में तकलीफ की वजह से उन्हें हजारीबाग स्थित आरोग्यम हॉस्पीटल में शुक्रवार को भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रांची स्थित एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। रांची जाने के क्रम में हीं हृदयाघात से उनका निधन हो गया। शनिवार को विष्णुगढ़ के जमुनियां नदी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी पुत्री ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके निधन की खबर सुनते हीं विष्णुगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन एवं परिजनों को ढ़ाढ़स देने बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे। वर्तमान में अपने निजी नर्सिंग होम नारायण सेवा सदन में वे मरीजों को सेवाएं दे रहे थे। बता दें कि वे एक अच्छे कवि तथा अध्यात्म के क्षेत्र से भी जुड़े थे। उनकी कई रचनाएं विविध पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है। वे अपने पीछे पत्नी, चार पुत्रियां समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, भुवनेश्वर पटेल, चंद्रनाथ भाई पटेल, दीपचंद महतो, नवलकिशोर वर्मा, निर्मल विश्वकर्मा, राजू श्रीवास्तव, जगदीश बर्मन समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित
एडिटरः सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह उप विकास आयुक्त ने विधि व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

### स–समय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी सीएचसी सक्रिय रखें :– अपर समाहर्ता

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह, 09 अप्रैल 2022 :– आज समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त, शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था संधारण एव सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले के वरीय पदाधिक. ारियों एवं प्रतिनियुक्त पदा. धिकारियों/दंडाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, आईएएस प्रशिक्षु, डीआरडीए निदेशक, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी, व अन्य उप. स्थित थे।

इस दौरान विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु सभी संबंधित अधिक. ारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस वर्ष गिरिडीह जिला अंतर्गत रामनवमी पर्व दिनांक 10. 04.2022 को मनाया जाएगा। रामनवमी की मुख्य शोभायात्रा जुलूस एवं विभिन्न अखाड़ों द्वारा दिनांक 10.04.2022 को झांकियां निकाली जाएंगी। रामनवमी पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सु. निश्चित की गई हैं।बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को भ्रमणशील रहकर अपने–अपने सूचना तंत्र को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बताया गया कि राज्य सरकार से प्राप्त गाइडलाइन के तहत रामनवमी पर्व के जुलूस में 100–100 के ग्रुप में श्रद्धालु गण निकल सकते हैं तथा जहां पर सभी का मिलान होगा, वहां पर जुलूस में श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या 1000 से अधिक नहीं होगी। इसके अलावा क्षेत्र आयोजित धार्मिक जुलूस के मार्गो का निरीक्षण तथा निगरानी किया जाएगा। बैठक में निर्देशित किया गया कि क्षेत्र अंतर्गत पुलिस पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखेंगे ताकि किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति. जनक संदेश का फैलाव ना हो सके। इसके साथ ही त्योहार आयोजन के दिन फायर ब्रिगेड, बिजली विभाग, पेयजल विभाग एवं नगर पंचायत के पदा. धिकारी पूर्णरूपेण सतर्क रहेंगे, जिससे कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। साथ ही उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिए कि क्षेत्र की साफ–सफाई भी आवश्यक रूप से सु. निश्चित कर ली जाय। बैठक में अपर समाहर्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जुलूस को लेकर जारी गाइडलाइन का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। सभी एसडीओ/ एडीपीओ/ बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र में काम करेंगे। उनके रूट व जुलूस कहां शुरू होगा एवं कहा खत्म होगा, समय अवधि आदि की पूरी जानकारी रखेंगे। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सभी की जिम्मेवारी है कि जिला में शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्योहार संपन्न करायें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि इस दौरान सभी सीएचसी सक्रिय रहेंगे। ताकि ससमय स्वास्थ्य सेवाओं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि पानी के टैंकर की आवश्यकता, विद्युत आपूर्ति एवं शौचालय की आवश्यकता हेतु सूची उपलब्ध कराएं ताकि ससमय व्यवस्थाएं सु. निश्चित कराई जाय। मौके पर डीआरडीए निद. ेशक ने कहा कि मुख्यालय समेत सभी अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कंट्रोल रूम का संचालन किया जाएगा। उन्होंने ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यवहारिकता के साथ सरकार की गाइड लाइन का उचित अनुपालन सुनिश्चित कराएं। डीआरडीए निदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिक. ारियों एवं थाना प्रभारी रामनवमी पर्व के दौरान विधि–व्यवस्था संधारण हेतु समन्वय स्थापित कर कार. वाई सुनिश्चित करेंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह ने कहा की आमजनों को सूचित किया जाता है कि बिना आधिक. ारिक पुष्टी के किसी भी प्रकार के डरावने/ झूठे/भ्रामक व्हाट्सएप्प मैसेज या फ०रवर्ड को आगे ना भेजें। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार. वाई कर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कार. वाई की जाएगी। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कार्य कर रहे सभी सोशल मीडिया ग्रुप पर किसी प्रकार की अफवाह ना फैलाएं। वर्तमान समय में सोशल मीडिया का उपयोग पूरी सतर्कता, समझदारी और सावधानी से करें। आप सभी से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें। साथ ही अफवाह फैलानेवाले व्यक्ति की सूचना तुरंत प्रशासन को दे। एक जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए सोशल मीडिया का उपयोग करें। किसी प्रकार की सूचना देने के लिए साईबर सेल, गिरिडीह में करें।

## सदर विधायक ने मलिकाना व ख़िलाही में प्रवचन मंच का किया उदघाटन

### यज्ञ का प्रभाव आसपास के गांवों पर पड़ता है, भक्ति का बहता हस बयार :मनीष जायसवाल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





बच्छई पंचायत के मलिकाना में आयोजित श्री श्री 108 श्री भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ व झापा पंचायत के ख़िलाही में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के प्रवचन सन्धा का सदर विधायक मनीष जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू व जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान आयोजको ने सदर विधायक व अतिथियो को श्रीराम का पट्टा देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि प्रवचन के माध्यम से जो हमे बाते बतलाई जाती है उसे आत्मसात करने की जरूरत है। कहा जीवन मे अगर खुशहाली लाना है तो धर्म के मार्ग पर चलना होगा। धर्म हमे बतलाता है कि हम अच्छे कर्म करे, गलत रास्ते पर न चले, निर्धन लोगों को सहायता करें। धर्म का अर्थ सेवा भी है। गरीब व पीड़ित समाज का सेवा करना ही हमारा सच्चा धर्म है। कहा जिस भक्ति भाव से मलिकाना के ग्रामीण यज्ञ का आयोजन किये है निश्चित रूप से भगवान का आशीर्वाद पूरे ग्राम वासियो पर बना रहेगा। आयोजन समिति अध्यक्ष बिनोद साव, सचिव योगेन्द्र साव, कोषाध्यक्ष शंकर दयाल साव , संरक्षक रामलाल साव आदि यज्ञ को सफल बनाने में महती भूमिका निभा रहे है।

## ओरिया में निकला झण्डा शोभायात्रा, महिलाओं ने की पूजा–आर्चना

**अपेम लाइवः ओरिया**



हजारीबाग सदर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरिया के शिवमंदिर प्रांगण से शनिवार को अष्टमी पर झंडा शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा ढोल–ताशे के साथ लोगों के द्वारा नशामुक्त होकर आदर्श झण्डा शोभायात्रा के रूप में निकाला गया। पारंपरिक रूप से मंदिर प्रांगण से होतें हुए ग्राम के सभी चौक–चौराहा, मुहल्ला व एक–एक घर तक ढोल–ताशे के साथ झंडा शोभायात्रा घुमाया गया। सभी महिलाओं ने अपने द्वार पर झंडा का विधिवत पूजा–आर्चना की। पुरूष व बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ झंडा घुमाने में एक–दुसरे को सहयोग दिया। इस दौरान ढोल–ताशे के साथ लोगों ने जमकर झुमा व जयकारा भी लगाया।

## श्रीनिवास अस्पताल के द्वारा लगाया गया शिविर

**अपेम लाइवः ओरिया**



हजारीबाग मोरांगी स्थित गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव के पहल पर शनिवार को श्री. निवास अस्पताल के द्वारा ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का संचालन डॉ सुधांशु सक्सेना एवं डॉ शिल्पी चटर्जी की देखरेख में किया गया। इस दौरान अस्पताल के द्वारा महाविद्यालय में शिक्षकों, छात्रों व कर्मच. ारियों के बीच मौखिक स्वच. छता किट का भी वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ सुधांशु सक्सेना ने कहा कि आमतौरपर दांतों में दर्द ज्यादा गरम या ठण्डा खाना खाने एवं नियमित रूप से दांतों की सफाई ना रखने पर होता है। कैल्शियम की कमी, बैक. टीरियल इंफेक्शन या फिर दांतों की जड़ों के कमजोर होने से भी दांतों में दर्द होता है। साथ ही कहा कि अक्ल दाढ़ निकलने के दौरान भी दांतों में तेज व असहनीय दर्द होता है।

APEM
LIVE

## रामनवमी को लेकर बी डी ओ और थाना प्रभारी ने निकाला फ्लैग मार्च

### ड्रोन से किया जाएगा हुड़दंगियों पर निगहबानी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



रामनवमी त्यौहार को लेकर प्रखंड प्रशासन एवं राजपुर थाना पुलिस ने शनिवार की संध्या राजपुर,धमधामा, कान्हाचट्टी बाजार में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को संदेश दिया की रामनवमी के जुलूस के दौरान किसी भी स्थिति में हुड़दंगियों से निपटने के लिए पूरी पुलिस प्रशासन तैयार है। किसी भी सूरत में त्यौहार में खलल डालने वाले पर पुलिस कड़ी से कड़ी कार. वाई करेगी। शनिवार की संध्या प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो एवं थाना प्रभारी विकास पा. सवान के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च निकाला गया।इस बीच जगह जगह पर ड्रोन कैमरा उड़ा कर अगल–बगल के कई वस. तुओं पर नजर दौड़ाया गया। प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो ने कहा कि उपायुक्त चतरा एवं आरक्षी अधीक्षक के निर्देशानुसार यह फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें ड्रोन कैमरे से नजर रखते हुए गड़बड़ी करने वालों पर प्रशासन कड़ी से कड़ी कार. वाई करेगी।वहीं थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहा कि जुलूस में शांति से जुलूस अखाड़े वाले निकालें और इस बीच त्यौहार में यदि कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की तो उसे जेल भेजने के लिए पुलिस प्रशासन तैयार हैं। मौके पर प्रखंड प्रशासन थाना के एएसआई राजेश शर्मा वीरेंद्र ठाकुर सहित जिला बल के जवान मौजूद थे।